तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

12 12 टन क्षमता की सड़क पर दौड़ रहे 55 टन के डंपर...



12 सरस्वती साइकिल योजना, नवमीं की छात्राओं...








# डेढ़ माह से बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट, अंधेरे में डूबा जेपरा का रंगमंच परिसर

*विकासखंड के ग्राम जेपरा में पिछले डेढ़ माह से बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। शाम ढलते ही रंगमंच परिसर और आसपास का सार्वजनिक क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे आवागमन, सामाजिक गतिविधियों और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

खास खबर

ग्राम जेपरा के ग्रामीणों के अनुसार रंगमंच परिसर गांव का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। हाई मास्क लाइट बंद होने से न केवल यह परिसर बल्कि आसपास की सड़कें और सार्वजनिक स्थान भी रात में अंधेरे में डूब जाते हैं। पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और अन्य ग्रामीणों को रात के समय आवागमन में असुविधा होती है। अंधेरे की वजह से दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है, जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर हाई मास्क लाइट की मरम्मत कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उनका आरोप है कि यदि समय पर तकनीकी खराबी दूर कर दी जाती तो समस्या इतनी लंबी नहीं खिंचती। विभाग की उदासीनता के कारण आज पूरा गांव परेशानी झेलने को मजबूर है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से संबंधित अधिकारियों के समक्ष आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।



### बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

*जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग*



### ग्रामवासियों ने मरम्मत की मांग की

*ग्रामवासियों सनकुर दुग्गा, धर्म सिंह मरकाम, कुंभकरण बघेल, कोटवार शिव कुमार बघेल, जगत राम नरेटी, रायसिंह नरेटी, शिवनाथ नरेटी, हीरालाल मरकाम, संदीप नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।*

## खबर संक्षेप



### प्राशा सेमरापारा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड के प्राशा सेमरापारा नारायणपुर में मंगलवार 14 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठिका चम्पा जोशी, सहायक शिक्षक नितिन तिवारी एवं भोजराम भुआर्य ने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों तथा पालकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

### ग्रामीण की हुई मौत मर्ग किया गया कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चिचगांव निवासी 42 वर्षीय प्रमेश्वर उइके पिता बज्जूराम उईके को इलाज के लिए भानुप्रतापपुर के सीएचसी में ले जाया गया था। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए 13 जुलाई को अस्पताल में लया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत



**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र के भिंगीडार मेन रोड पर 13 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 35 वर्षीय चपला मिस्त्री निवासी पीव्ही-44 वनश्रीनगर, पखांजूर की रायपुर स्थित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के दौरान 17 अप्रैल को मृत्यु हो गई। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 1355 को चालक जयदेव गाईन तेज व लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, जिससे वाहन सड़क किनारे गड्ढे में चला गया और चपला मिस्त्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मर्ग रिपोर्ट के आधार पर थाना परतापुर में धारा 281 एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### छात्रों को कापी और पेन का किया वितरण



**कांकेर।** जनसेवा संस्था बगोडार ने आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नथिया नवागांव में अनीश कुमार तारम, परनिता नेताम और दिव्यानी कुंजाम को कॉपी एवं पेन वितरित किए। संस्था के सदस्य प्रभु राम शांडिल्य और सेवानिवृत्त शिक्षक फूल सिंह गंगेश ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में प्रधान पाठक रिंकू राय, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मंदिर चोरी के लिए सेफ जोन, अन्य जगह चोरी करना कठिन

# 350 सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल से बेनकाब हुआ मंदिर चोर, कई जिलों की वारदातें सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

*आधुनिक तकनीक, डिजिटल सर्विलांस और साइबर इंटेलिजेंस के सटीक इस्तेमाल ने आखिरकार अंतरजिला मंदिर चोरी की उस श्रृंखला का पर्दाफाश कर दिया, जिसने कई जिलों के श्रद्धालुओं और मंदिर समितियों की चिंता बढ़ा दी थी। पुलिस ने वैज्ञानिक जांच और पारंपरिक पुलिसिंग के प्रभावी समन्वय से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी गए अधिकांश धार्मिक आभूषण और अन्य मशरूका बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है।*

मामले की शुरुआत तब हुई जब कांकेर जिला मुख्यालय के बड़े शीतला मंदिर से लाखों रुपये मूल्य के चांदी के मुकुट, छत्र, सोने का मंगलसूत्र, नथ और दानपेटी में रखी नकदी चोरी होने के बाद पुलिस ने शहर के सीसीटीवी कैमरे को खंगालना शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम गठित कर जांच शुरू की। साइबर विशेषज्ञों और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक तरीकों से साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। जांच के दौरान विभिन्न जिलों में लगे करीब 350 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया।

डिजिटल सर्विलांस, साइबर इंटेलिजेंस, तकनीकी निगरानी और फील्ड इंटेलिजेंस की मदद से संदिग्ध की गतिविधियों का पता लगाया गया। इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर पुलिस टीमों को रवाना किया गया और लगातार निगरानी के बाद आरोपी को चोरी के माल सहित जगदलपुर से गिरफ्तार करके कांकेर लाया गया।

### दिन में करता था रेकी, रात को चोरी

*पूछताछ में आरोपी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह केवल आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से मंदिरों में चोरी करता था। वारदात को अंजाम देने के लिए वह बसों के माध्यम से एक जिले से दूसरे जिले तक सफर करता था। दिन के समय वह ऐसे मंदिरों की पहचान करता था, जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो या आसपास सुनसान माहौल रहता हो। रात होने पर वह मंदिरों में घुसकर दानपेटियों की नकदी और देवी-देवताओं के चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो जाता था।*

### दिन में रेकी, रात में मंदिरों में चोरी, चोर ने किया खुलासा




### दोनो हाथ में टैटू, लिखवाया ऊ नमः शिवाय

शातिर चोर के दोनो हाथ में टैटू बनवाकर रखा है, एक हाथ में शिव भगवान की प्रतिमा के साथ ऊ नमः शिवाय लिखा है और दूसरे हाथ में माँ व पिता एक बच्चे के हाथ को पकड़कर चलते हुए दिखाया है। इसके नीचे मॉम एवं डैड भी लिखा हुआ है। उसका यहीं कहना था कि मंदिर चोरी के लिए सेफ रहते थे, परंतु अन्य जगह सीसीटीवी कैमरे लगे होने से चोरी करने में दिक्कत होती थी।

### आरोपी के कब्जे से आभूषण जब्त

*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया के सामने रूबरू होते हुए चोर की शातिर चोर का खुलासा करते हुए बताया कि कांकेर के मंदिर से चोरी हुए आभूषण उसके कब्जे से चांदी के मुकुट, छत्र, करधन, पायल, बिछिया, नयन, मंगलसूत्र सहित अन्य धार्मिक आभूषण और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि चोरी की गई नकदी को वह यात्रा, भोजन और जुए जैसी गतिविधियों में खर्च कर देता था। आरोपी ने चोरी के चांदी के आभूषणों को बेचने के लिए बड़े शहर के सराफा बाजार की कई दुकानों का रुख किया, लेकिन वहां लगे सीसीटीवी कैमरों और पकड़े जाने के डर से वह सफल नहीं हो सका।*

## रात में किराना दुकान, घर को बनाया निशाना, वाहन सहित 90 हजार की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के सिंगारभाट क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक किराना व्यापारी के घर और दुकान को निशाना बनाते हुए स्कूटी तथा दुकान में रखा करीब 10 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद पीड़ित ने थाना कांकेर में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सिंगारभाट निवासी 32 वर्षीय राजा ठाकुर ने पुलिस को बताया कि अपने घर के सामने स्थित कॉम्प्लेक्स में किराना दुकान संचालित करते हैं। 13 जुलाई की रात करीब 10 बजे दुकान बंद करने के बाद परिवार के सभी सदस्य रात लगभग 11 बजे सो गए थे। सुबह करीब 6 बजे उनकी नींद खुली तो घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। पड़ोसियों की सहायता से दरवाजा खुलवाकर बाहर निकले और देखा कि आंगन में खड़ी स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीटी 5261 जिसकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार नहीं थी। दुकान का निरीक्षण किया तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर दुकान में रखा विभिन्न सामान भी गायब था। चोर आशकी के 6 पैकेट, सिगरेट के 10 पैकेट, राजनिवास गुटखा के 30 पैकेट तथा रिफाइंड तेल के 2 डिब्बे सहित करीब 10 हजार रुपये का किराना सामान चोरी कर ले गए। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 90 हजार रुपये की चोरी होने का अनुमान है।

### चोरों की तलाश जारी

*पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ ने धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।*

*पुलिस ने दर्ज किया मामला*

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट जान से मारने की भी दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के बरदेभाटा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर 20 वर्षीय युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर कांकेर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बरदेभाटा निवासी 20 वर्षीय आर्यन दिनकर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि 13 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह बरदेभाटा चौक स्थित एक दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के पीछे रहने वाला अब्बू देवांगन अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपी ने पुरानी बातों को लेकर विवाद करते हुए कहने लगा कि वह पुलिस के पास उन्हें बदनाम करता है और गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ, मुक्के और लात से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल युवक ने बताया कि उसके सीने और हाथ में चोट आई है, जिससे उसे दर्द की शिकायत है। इसके बाद उसने कांकेर थाने पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी अब्बू देवांगन एवं अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जिलेभर के बीएमओ-डॉक्टरों ने कलेक्टर के समक्ष रखी अपनी बात

### लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खंड चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सक एकजुट होकर अपने सहयोगी अधिकारी के समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए धनेलीकान्हार के बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई का विरोध किया और स्वास्थ्य व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखने की मांग की। जिलेभर के बीएमओ एवं चिकित्सकों ने 25 जून को आरएचओ संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के घेराव पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि कुछ कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतते हैं और जब उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाती है तो कर्मचारी संगठनों के माध्यम से उच्च ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कलेक्टर ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन

*जिला कलेक्टर ने चिकित्सकों की सभी बातों और मांगों को गंभीरता से सुना तथा पूरे मामले में निष्पक्ष एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य विभाग के इस घटनाक्रम को जिले में प्रशासनिक और चिकित्सकीय व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

*संचालक पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज*

## ढाबे में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अवैध रूप से ढाबों में शराब पिलाने की शिकायतों पर चारामा पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लखनपुरी क्षेत्र स्थित एक ढाबे में दबिश देकर शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की पुष्टि की और संचालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई की शाम थाना चारामा पुलिस की टीम नियमित पेट्रोलिंग पर लखनपुरी क्षेत्र में थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लखनपुरी शोरीपारा स्थित एक ढाबे में संचालक द्वारा ग्राहकों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा दी जा रही है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबिश दी। पुलिस को देखकर वहां मौजूद कुछ लोग मौके से भाग निकले। जांच के दौरान ढाबे का संचालक मौके पर मिला, जिसने स्वयं को ढाबे का संचालनकर्ता बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने ढाबे से 750 एमएल की ब्लेंडर्स प्राइड अंग्रेजी शराब की एक खाली बोतल तथा तीन खाली डिस्पोजल गिलास बरामद किए। पुलिस ने सभी सामग्री को जब्त कर नियमानुसार सीलबंद कर लिया। प्रारंभिक जांच में ढाबे में शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने संचालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### टोल वसूली जारी, रखरखाव पर लगातार उठे सवाल

*नगरवासियों ने तत्काल सुधार की उठाई मांग*

## चारामा में स्ट्रीट लाइटें बंद, अंधेरे में डूबी राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नगर चारामा से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी होने से रात के समय हाईवे अंधेरे में डूबा हुआ है। इससे वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही और टोल वसूली के बावजूद ▶▶| शेष पेज 10 पर



### विधायक कर चुकी हैं प्रदर्शन

*चारामा क्षेत्र के लोगों ने याद दिलाया कि हाईवे की बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने की मांग पहले भी कई बार उठाई जा चुकी है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।*

### नगरवासियों ने उठाई मांग

*नगरवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें चालू कराया जाए। साथ ही नियमित रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रात के समय यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। उनका कहना है कि यह केवल सुविधा का नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनहित में व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।*



## खबर संक्षेप

### नए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार ने संभाला पदभार



**नारायणपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत रोबिनसन गुड़िया के स्थानांतरण उपरांत संदीप कुमार पटेल ने आज जिले के 24वें पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की कानून-व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, नक्सल उन्मूलन अभियान, अपराध नियंत्रण एवं जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं आमजन के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनता के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पदभार ग्रहण के दौरान पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### केशकाल- कोण्डागांव वनमंडल के 8 वनरक्षक बनाए गए वनपाल



**फरसगांव।** मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त विवेकानंद झा द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में केशकाल और कोण्डागांव वनमंडल के कुल 8 वनरक्षकों को वनपाल पद पर पदोन्नत किया गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर जारी इस आदेश से दोनों वनमंडलों के कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। जारी सूची के अनुसार केशकाल वनमंडल से सरिता मरकाम, किसन सिंह, बुजलाल नेताम, भूपेन्द्र कुमार नाग और बुधचन्द मरकाम को वनपाल पद पर पदोन्नति मिली है। वहीं कोण्डागांव वनमंडल से ललित कुमार मरकाम, आसुराम मरकाम और वासुदेव डहरिया को कोण्डागांव वनमंडल में ही वनपाल पद पर पदस्थ किया गया है। आदेश में सभी पदोन्नत कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। समय सीमा में जॉइनिंग नहीं करने पर पदोन्नति आदेश निरस्त करने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

# राम के नाम पर वोट लेने वाले भगवान के चंदा को भी डकार गए: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हिंदुस्तान के 120 करोड़ हिन्दुओ सनातनियों के आस्था से जुड़े राम मंदिर अयोध्या मे चंदा चोरी की पोल खुले एक महीने से अधिक हो गया है फिर भी भाजपा की सरकार रामद्रोही, अधर्मियों में छोटे कर्मचारी को छोड़ किसी भी बड़े चंदा चोर अपराधियों को पुलिस नहीं पकड़ पायी। जाँच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। बड़े चंदा चोरों को भाजपा सरकार खुद बचाने में लगी है। भाजपा के बड़े नेताओं के रहते 120 करोड़ हिन्दुओं, सनातनियों को इन्साफ नहीं मिलेगा।

मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चंदा चोर और भाजपा सरकार के खिलाफ मार्च किया गया।

## हिंदुओं की आस्था पर चोट पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला मार्च




**ये रहे उपस्थित**

मार्च में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडी वड्डे, ओरछा ब्लॉक अध्यक्ष मंगेश, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गजा पटेल, नन्दलाल जायसवाल, जिला कांग्रेस महासचिव संजय राय, शेख तौहीद अहमद, अमित भद्र, शब्बीर बढ़गुजर संतोष राव, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सुक्कू सलाम, कोषाध्यक्ष वीपी शुक्ला, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सोनिका पोर्ते, अध्यक्ष अध्यक्ष बोधन देवांगन एन एस यू आई प्रदेश सचिव जय वट्टी अध्यक्ष विजय सलाम नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष वेदबती पात्र, पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, कांग्रेस सदस्य मंडल अध्यक्ष बूथ प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस भवन से मार्च शुरू कर जय स्तम्भ चौक मे चंदा चोरों को जल्द से जल्द पकड़ कर जेल मे डालने का मांग की गई। भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए। कांग्रेस वक्ताओं ने कहा, राम नाम का नाम लेकर राजनीति की फसल बोने वाले भाजपाइयो को इस देश की 120 करोड़ हिन्दु, सनातन कभी माफ़ नहीं करेगा। सभी देख रहे कि राम मंदिर के चंदा पर डकैती करने वाले किसके संरक्षण बच रहे हैं। इनको कौन बचा रहा है।

### बहनी में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

# शाला प्रवेशोत्सव में गूंजा शिक्षा का संदेश, विधायक उसेंडी ने किया नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ शिक्षा को जन–आंदोलन बनाने का लिया संकल्प

विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव–2026 उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी शामिल हुईं। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।





कार्यक्रम में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान, रंग–बिरंगे माहौल और उत्साह से सराबोर नजर आया। जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए नियमित अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही विकसित समाज और सशक्त राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई में सहयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बहनी की सरपंच श्रीमती कविता पोयाम ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रामबाई नाग, यशोदा रामचंद्र कश्यप, नन्दलाल राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक नेताम, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र दुबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यालयों में शत–प्रतिशत नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बालिका शिक्षा को बढ़ावा तथा ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। अभिभावकों से भी बच्चों के सवांगीण विकास में विद्यालय के साथ मिलकर सहयोग करने की अपील की गई।

**ये रहे मौजूद**

*अविनाश भोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव उत्तम महोबिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंडागांव जगमोहन भोयर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंडागांव सुश्री मालती ध्रुव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कोंडागांव अशोक कुमार साहू, बीआरपी विकासखंड स्त्रोत सामान्य कोंडागांव प्राचार्य राम गोपाल सिंह, शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी जमील खान प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर एवं समस्त संकुल समन्वयक विकासखंड कोंडागांव उपस्थित रहे।*

# 24 घंटे के भीतर हत्या के प्रयास के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई को शीतलापारा विकास नगर निवासी संजु कोर्राम ने थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश को लेकर रेहान, टीकम सोनी, अभिषेक यादव एवं आयुष भण्डारी ने धान मंडी स्थित शिव मंदिर के पास उसके छोटे भाई शक्ति कोर्राम से विवाद किया। इसके बाद आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और चाकू से उसके पेट, कमर तथा जांघ पर कई वार कर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी युवक को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोण्डागांव में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सभी आरोपी बाजारपारा क्षेत्र में मौजूद हैं और फरार होने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद रेहान 19 वर्ष, अभिषेक यादव 18 वर्ष, आयुष भण्डारी 20 वर्ष तथा टिकम सोनी 18 वर्ष शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी टिकम सोनी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पूरे मामले के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उपनिरीक्षक अखिलेश धीवर, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देहारी तथा साइबर सेल के आरक्षक संतोष कोड़ोपी की विशेष भूमिका रही।

# ट्रैक्टर के पहिए से दबकर चालक की मौत, ग्रामीण बैंक कर्मचारी घायल



**फरसगांव।** ब्लाक के ग्राम आलोर-सरगीपाल मार्ग पर मंगलवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक बैंक कर्मचारी घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चालक महंगूराम कोर्राम पिता स्व असाडू कोर्राम ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 27 एन 6919 से बड़ेडोंगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बड़ेडोंगर निवासी धर्मेंद्र नाग, जो फरसगांव ग्रामीण बैंक में कर्मचारी हैं, ड्यूटी के लिए बाइक क्रमांक सीजी 27 एम 5801 से फरसगांव आ रहे थे। आलोर-सरगीपाल मार्ग पर दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक महंगूराम कोर्राम ने खुद को बचाने के लिए ट्रैक्टर से छलांग लगा दी। हालांकि, संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर के पिछले पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक सवार धर्मेंद्र नाग के छाती और कंधे में गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें तत्काल बड़ेडोंगर अस्पताल भेजा गया जहां उसे जिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# देवरानी-जेठानी लापता, तीन दिन बाद थाने पहुंचा परिवार



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम गहिरबहार से दो विवाहित महिलाओं के एक साथ लापता होने का मामला सामने आया है। रिश्ते में जेठानी और देवरानी दोनों के अचानक घर से गायब हो जाने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, वहीं परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं। जानकारी के अनुसार, श्यामबती बघेल (21 वर्ष), पति राजकुमार बघेल एवं रीना बघेल (20 वर्ष), पति गोलूराम बघेल शनिवार रात भोजन करने के बाद अपने-अपने घरों में सोने चली गई थीं। परिजनों के मुताबिक रविवार तड़के करीब 4 बजे जब परिवार के लोग जागे तो दोनों महिलाएं घर पर नहीं थीं। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने पहले रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में उनकी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर मंगलवार को फरसगांव थाने पहुंचकर दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों महिलाओं की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है तथा परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द से जल्द दोनों महिलाओं का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कोरर मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तय की रणनीति



**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर की कार्यसमिति एवं मासिक में आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से संगठन की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। आयोजित बैठक की मुख्य वक्ता रंजना साहू जिला संगठन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसंपर्क को गति देने का आह्वान किया। विशिष्ट वक्ता सतीश लाटिया प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर संगठन विस्तार और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक वालेचा ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी अभियानों में पूर्ण समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।

## पेज 9 के शेष...

### जिलेभर के बीएमओ-डॉक्टरों...

अधिकारियों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञापन में जिला प्रशासन से मांग की गई कि कर्तव्य में कोताही बरतने वाले तथा स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। चिकित्सकों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखना जनहित तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। चिकित्सक संघ ने यह भी कहा कि यदि बिना ठोस आधार के चिकित्सा अधिकारियों को निशाना बनाया जाता है तो इससे चिकित्सकों का मनोबल कमजोर होगा और इसका सीधा असर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। ज्ञापन में चिकित्सकों ने स्पष्ट मांग की कि डॉ. शशांक गुप्ता को उनके पद से न हटाया जाए तथा उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक अथवा प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जाए। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त कारण चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने से पूरे चिकित्सा तंत्र का मनोबल प्रभावित होगा।

### चारामा में स्ट्रीट लाइटें बंद...

हाईवे पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने मेंटेनेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार जगतरा टोल प्लाजा से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। भारी यातायात के बावजूद हाईवे की स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद हैं। रात के समय सड़क पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को वाहन चलाने में कठिनाई होती है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह स्थिति जोखिमपूर्ण बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। नगरवासियों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब टोल प्लाजा पर नियमित रूप से वाहनों से शुल्क वसूला जा रहा है, तब सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं के रखरखाव में लापरवाही क्यों बरती जा रही है। उनका कहना है कि टोल वसूली का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। इससे हाईवे के मेंटेनेंस और निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

# 18 तक चलेगा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, परिवार नियोजन पर जोर




**दुर्गुकोंदल।** विश्व जनसंख्या दिवस 2026 के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 11 से 18 जुलाई तक जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य परिवार नियोजन, दो गर्भधारण के बीच उचित अंतराल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वस्थ परिवार की अवधारणा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे एवं बीपीएम देवकुमार शाश्वत ने बताया कि इस वर्ष अभियान की थीम माँ और बच्चे की भलाई और अनचाहे गर्भधारण को रोकने के लिए गर्भावस्था के बीच सही समय और अंतर तथा नारा जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल रखा गया है। पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी साधनों की जानकारी देंगे। अभियान में पंचायतों, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# सशिमं में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर में 13 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास, गरिमामय एवं संस्कारमय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प वर्षा एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, मां सरस्वती एवं ओम् के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के साथ उनके संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्यामलाल दुग्गा, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष सतीश जैन ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा, अनुशासन, नैतिकता और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य रामलाल साहू सहित विद्यालय के आचार्यगण ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा नियमित अध्ययन, अनुशासन और स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

# नव-निर्मित तहसील भवन का एक सप्ताह में उद्घाटन नहीं हुआ तो समाज परम्परा अनुसार करेगा शुभारंभ

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, वर्तमान भवन में मूलभूत सुविधाओं का अभाव



**कांकेर।** सर्व आदिवासी समाज, ब्लॉक अंतागढ़ के समस्त गायता, पटेल, माजी एवं पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय अंतागढ़ पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने अंतागढ़ में नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का एक सप्ताह के भीतर उद्घाटन कर कार्यालय प्रारंभ करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि अंतागढ़ में नया तहसील कार्यालय भवन शासन द्वारा कई महीनों पहले बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शासन-प्रशासन द्वारा अभी तक उसका उद्घाटन नहीं किया गया है। जिसके कारण आज भी तहसील का संपूर्ण कामकाज एक खंडहरनुमा जर्जर पुराने भवन में चल रहा है। वर्तमान भवन में बैठने, फाइल रखने और आम जनता के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बरसात के दिनों में पानी टपकता है और गर्मी में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। इससे आम जनता, किसानों, वन अधिकार दावेदारों और आदिवासी ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, जाति-निवास प्रमाण पत्र और वन अधिकार जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने कहा कि अंतागढ़ क्षेत्र 90 प्रतिशत आदिवासी बहुल है। यहां के लोगों को न्याय और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए आधुनिक तहसील भवन जरूरी है। भवन तैयार होने के बाद भी उसे शुरू न करना प्रशासन की लापरवाही है। हम अब और इंतजार नहीं करेंगे। गोंडवाना समाज के अध्यक्ष संतलाल दुग्गा ने कहा कि /"अगर एक सप्ताह के अंदर नए भवन का उद्घाटन नहीं किया गया तो सर्व आदिवासी समाज, गोंडवाना समाज, एससी/एसटी/ओबीसी समाज व माजी, गायता, पटेल पदाधिकारियों के साथ मिलकर परम्परा अनुसार सेवा-अर्जी कर स्वयं भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद जो भी स्थिति बनेगी उसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समाज ने मांग की है कि जनहित को देखते हुए बिना किसी विलंब के नए भवन में तहसील कार्यालय को स्थानांतरित कर आम जनता को राहत दी जाए।

**इन्होंने सौंपा ज्ञापन:** ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, कोलर प्रगना माजी मेहतुराम दर्रो,जनपद सदस्य व प्रगना अध्यक्ष धन्नू राम ध्रुव, बीजू नुरूटी, राजकुमार वट्टी, बिहारी गांवड़े, राजलाल दर्रो, आसाऊ आचला, शोभि नुरूटी, दलसु आचला, बीरसिंह उसेंडी, प्रेम उइके, फूलसिंह दर्रो सहित गायता-पटेल-माजी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### विधिक सलाहकार का प्रवास आज से



**सुकमा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार और भारतीय आदिम जाति सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार उइके का बस्तर संभाग में दौरा होने जा रहा है। आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, राजस्व मामला एसटी एसएसी अत्याचार निवारण अधिनियम, संवैधानिक अधिकारों का हनन व सामाजिक विषयों पर आदिवासी समाज के सामाजिक पदाधिकारियों के साथ अहम चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम 15 जुलाई कांकेर, 16 जुलाई सुकमा व 17 जुलाई को जगदलपुर में होगा।

# गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा व मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह की अध्यक्षता में आज शासकीय नवीन चिकित्सा महाविद्यालय, टेकनार, दंतेवाड़ा में प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक संचालन, अधोसंरचना विकास, चिकित्सकीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम. भार्गव, चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. टीकू सिन्हा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. भगत बघेल सहित स्वशासी समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी




उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत बस्तर संभाग के आयुक्त डोमन सिंह स्वशासी समिति के पंजीयन एवं उपविधियों पर चर्चा एवं अनुमोदन से हुई। इसके पश्चात समिति के अंतर्गत गठित नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय, नामांकन एवं पुष्टि की गई। समिति के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं संचालन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए महाविद्यालय के प्रभावी एवं पारदर्शी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वशासी समिति के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में बैंक खाता खोलने एवं उसके संचालन, वित्तीय लेखा-जोखा, ऑडिट व्यवस्था तथा प्रशासनिक कार्यों के संचालन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रारंभिक बजट, शासन से प्राप्त अनुदान एवं अन्य निधियों के नियमानुसार उपयोग की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया।

महाविद्यालय के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधनों की भर्ती कलेक्टर दर पर आकस्मिक मजदूरी के आधार पर किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त चिकित्सा उपकरण, प्रयोगशाला उपकरण, फर्नीचर, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उपकरण, डीजी सेट सहित अन्य आवश्यक सामग्री की क्रय प्रक्रिया पर भी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित स्वशासी समिति के अंतर्गत शैक्षणिक संवर्ग के लिए आदर्श सेवा नियम-2019 को अंगीकार करने पर भी चर्चा की गई। वहीं महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन में सुरक्षा व्यवस्था, नियमित साफ-सफाई, छात्रावास मेस संचालन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। आयुक्त डोमन सिंह ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप अधोसंरचना, आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय एवं कौशल प्रयोगशाला स्किल लैब को समयबद्ध ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। बैठक में महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्टाफ क्वार्टर की समुचित व्यवस्था करने पर भी विशेष चर्चा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि आवासीय परिसर में पेयजल, विद्युत, सड़क, सुरक्षा, स्वच्छता, इंटरनेट, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।

बैठक के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के सुचारु संचालन, आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता, विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। संस्थान के समग्र विकास एवं भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

## प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# 20 साल पुराने कांग्रेस के गढ़ पर भाजपा की नजर

**भोपालपटनम फतह के लिए चुनावी बिगुल, प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने भोपालपटनम में अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। नगर के सामुदायिक भवन में आयोजित भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने संगठन की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं में जीत का मंत्र फूंका। बैठक में दिसंबर में प्रस्तावित नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस के दो दशक पुराने गढ़ को भेदने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जीत की कुंजी बूथ स्तर की मजबूती में छिपी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाने, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में 65 पोलिंग बूथों पर बूथ समितियों के गठन और 16 शक्ति केंद्रों के गठन पर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रमुखता से सुनने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए गए।

- **बूथ जीता तो चुनाव जीता, 65 बूथों और 16 शक्ति केंद्रों पर बनेगी मजबूत संगठनात्मक पकड़**




### 15 वार्ड में कांग्रेस का कब्जा, भाजपा ने बनाई बदलाव की रणनीति

भोपालपटनम नगर पंचायत में पिछले लगभग 20 वर्षों से कांग्रेस का वर्चस्व कायम है। वर्तमान में नगर पंचायत के 15 के 15 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हैं तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर भी कांग्रेस का कब्जा है। ऐसे में भाजपा इस बार पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। बैठक में इस मजबूत कांग्रेस गढ़ को भेदने के लिए वार्डवार रणनीति तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होकर जनता के बीच काम करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और नगर पंचायत में भी विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए पार्टी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, मंडल अध्यक्ष नरसिंह रेड्डी, नीलम गणपत, कविता कोराम, सरिता कुड़ेम, जया देवी चिड़ेम, रिंकी परस्ते, कीर्ति बापू, फारुख खान, अरुण भगत, गिरजा शंकर, बिलाल खान, पी. आनंद, ए. श्रीनिवास, कोयलकर सीनू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चुनावी रणनीति के माहिर माने जाते हैं जी. वेंकट

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट को संगठन का अनुभवी चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। बस्तर संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वे संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे बस्तर के चुनाव प्रभारी रहने के साथ ही भिलाई समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी चुनावी प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में पार्टी ने कई चुनावों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संगठन के भीतर जी. वेंकट की पहचान ऐसे रणनीतिकार के रूप में है, जो बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ताओं के समन्वय और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की प्रभावी रणनीति तैयार करते हैं। चुनावी समीकरणों की गहरी समझ और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की उनकी शैली को भाजपा की बड़ी ताकत माना जाता है। यही वजह है कि महत्वपूर्ण चुनावों में पार्टी नेतृत्व अक्सर उन्हें रणनीतिक जिम्मेदारी सौंपता है और उनके नेतृत्व में संगठन बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा है।

## विकास और जवाबदेही पर जोर गुणवत्ता से समझौता नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजित बैठक में अधिकारियों की बैठक में दो टूक कहा कि गुणवत्ता में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता और जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यों का भुगतान केवल तकनीकी जांच और गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही किया जाएगा। बैठक में सामाजिक पेंशन,




सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों तथा शासकीय भूमि आवंटन से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर, डीएफओ अक्षय भोंसले सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध हो समाधान

बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, सेवा सेतु पोर्टल, बस्तर मुन्ने और सुशासन तिहार के लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि आम लोगों की शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

## किरण सेठिया अध्यक्ष, जितेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर की शाला प्रबंधन समिति की बैठक विद्यालय परिसर में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से किरण सेठिया को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा जितेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

- **स्वामी आत्मानंद स्कूल में नई शाला प्रबंधन समिति का गठन**

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी को शिक्षाविद के रूप में जिम्मेदारी दी गई। बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय को जिले के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में शामिल करने के लिए सभी सदस्यों ने सामूहिक प्रयास करने का संकल्प

**शिक्षा, अनुशासन और नवाचार पर रहेगा फोकस**




सेठिया ने कहा कि पालकों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सभी क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना लक्ष्य

संरक्षक रामानंद मिश्रा ने कहा कि पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का उद्देश्य गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस लक्ष्य को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### पालकों और शिक्षकों की रही सहभागिता

बैठक में संरक्षक सहित प्राचार्य पी.आर. लाउत्रे, प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को उपस्थित जनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## 4 कर्मयोगी सदस्यों का एनएमडीसी से सेवानिवृत्त पर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गांधी भवन इंटक श्रमिक सदन में जून में सेवानिवृत्त हुए 4 वरिष्ठ कर्मयोगियों के सम्मान में एक भव्य, गरिमामय एवं भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।




समारोह में सोनसिंह नाग मास्टर एचईएम ऑपरेटर ग्रेड-I), महेंद्र कुमार चापड़ी एमएमसीओ ग्रेड-II, कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे। ज्ञानू राम कवाची मास्टर एचईएम मैकेनिक ग्रेड-II तथा लक्ष्मीनाथ वट्टी मास्टर इलेक्ट्रिशियन ग्रेड-II, के पुत्र उपस्थित रहे, को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके परिवारजनों का भी आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं, आत्मीयता और सम्मान से सराबोर हो गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विनोद कश्यप ने कहा कि सम्मानित सभी सेवानिवृत्त साथियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन तथा संस्थान के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### विस घेरेंगे शिक्षक शिक्षिकाएं आज

**गीदम।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश नेतृत्व आव्हान पर 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर जिले के सहायक शिक्षकों शिक्षक एवं प्रधान अध्यापकों ने व्यापक समर्थन दिया। जिले के सभी चारों विकासखंडों गीदम, दंतेवाड़ा, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण में बैठकों का दौर जारी कर अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति या संगठन का नहीं बल्कि प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों, शिक्षकों एवं प्रधान अध्यापकों के सम्मान अधिकार और भविष्य जुड़ा जन आंदोलन है।

## परिवीक्षा अवधि समाप्ति से पूर्व नियमितीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

विकासखंड गीदम के अंतर्गत वर्ष 2023 में नियुक्त हुए शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी गीदम को ज्ञापन सौंपा। करीब डेढ़ दर्जन शिक्षकों की उपस्थिति में सौंपे गए इस ज्ञापन में आगामी सितंबर-अक्टूबर माह में समाप्त हो रही परिवीक्षा अवधि के दृष्टिगत, नियमितीकरण की प्रशासनिक कार्यवाही को समयबद्ध और सुचारु रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। शिक्षकों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि परिवीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात नियमितीकरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का विलंब न हो, इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों का संकलन समय रहते प्रारंभ कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीईओ से निवेदन किया है कि विकासखंड के 2023 बैच के समस्त नवनियुक्त शिक्षकों को निर्धारित प्रारूप में अपनी गोपनीय चरित्रावली एवं चल-अचल संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सभी अभिलेख समय पर संकलित कर सक्षम कार्यालय को प्रेषित किए जा सकें। शिक्षकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिक्षकों में से सोनिया, ललिता, नीमा, गोमती, कविता, सुमन, दीपाली, दिव्या, मनीषा, शारदा, टिकेश, प्रवीण, सूर्य प्रताप, रूपेश, पीताम्बर, विजय,ओमथ, मूलचंद और विवेक शामिल रहे।



## कमिश्नर ने नवीन मेडिकल कॉलेज भवन स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

मिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह मंगलवार को दंतेवाड़ा जिले के भ्रमण के दौरान चितालंका में नवीन मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण का निरीक्षण कर इसे योजनाबद्ध तरीके से संचालित कर नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए सभी निर्माण सामग्री की उपलब्धता, उपकरणों एवं पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था करने सहित निर्माण कार्य को द्रुत गति से नियमित तौर पर संचालित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने कहा। कमिश्नर डोमन सिंह ने मेडिकल कॉलेज के समीप नर्सिंग कॉलेज तथा भविष्य की जरूरतों के मद्देनजर अन्य भवनों के निर्माण हेतु अतिरिक्त भूमि चिह्नित करने पर जोर देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज और मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनने के बाद नर्सिंग कॉलेज, चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के लिए आवास निर्माण के अलावा अन्य भवन निर्माण की आवश्यकता होगी और इसे त्वरित स्वीकृति देने के लिए आवश्यक भूमि पहले से ही चिह्नित कर लिया जाए। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने चितालंका एवं समीपस्थ ग्राम भोगाम में आवश्यक भूमि का सर्वेक्षण करवाकर चिन्हित किए जाने की जानकारी दी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# शैक्षणिक नवाचारों और प्रतियोगी परीक्षा तैयारी की अवर सचिव ने की सराहना

*छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अवर सचिव डॉ. बी रघु ने विकासखंड दुर्गुकोंदल का आकस्मिक दौरा कर यहां संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, पूरक परीक्षा व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे नवाचारों का अवलोकन किया। उनके दौरे ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों में उत्साह का संचार किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दौरे की शुरुआत उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुर्गुकोंदल से की, जहां माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पूरक परीक्षाएं संचालित हो रही थीं। डॉ. बी रघु ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, अनुशासन, गोपनीयता तथा परीक्षा संचालन की पारदर्शिता पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा प्रत्येक विद्यार्थी को शांत एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। विकासखंड में संचालित मावा मोदेल लाइब्रेरी का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बनाए गए शैक्षणिक वातावरण का अवलोकन किया।

बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गंभीरता एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करते देख उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र में इस प्रकार की अध्ययन व्यवस्था विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे प्रयास न केवल विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए भी सक्षम बनाते हैं।

**रघु ने किया स्कूलों का निरीक्षण, मावा मोदेल लाइब्रेरी का भी किया भ्रमण**



### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, सहायक संचालक एसपी कोसरे, सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम, संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर, शंकर नागवंशी, टेकेश्वर साहू, हेमंत दामले, सुरेंद्र उइके, मैनूराम मंडावी, तुलसी केमरों, उमाकांत भंडारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### आमाकड़ा स्कूल के प्राचार्य ने कराया न्योता भोज

**दुर्गुकोंदल**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाकड़ा के प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवड़े ने अपनी माता की पुण्यतिथि एवं शासकीय सेवा के 33 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। प्राचार्य ने कहा कि उनकी माता अन्नदान को सबसे बड़ा दान मानती थीं। कार्यक्रम में सरपंच चंद्रिका नेताम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

### बैठक करके रणनीति की तय 18 को होगा शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 18 जुलाई को ग्राम सुखई में आयोजित होगा। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को खंड शिक्षा कार्यालय में संकुल समन्वयकों एवं प्राचार्यों की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नामांकन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए सभी से समन्वय के साथ आयोजन सफल बनाने का आव्हान किया।

### आंबा कार्यकर्ता रेणुका का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**दुर्गुकोंदल**। ग्राम चाहचाड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका शर्मा के सेवानिवृत्त होने तथा शिक्षक कन्हैया ठाकुर के पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत, शाला परिवार और ग्रामीणों ने दोनों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कन्हैया ठाकुर ने कहा कि गांववासियों के स्नेह, सहयोग और एकजुटता ने उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सरपंच रमशीला कोमरा, उपसरपंच छबिलाल दुग्गा, प्रधान अध्यापक मनीराम दीवान, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता परेशान

**जगदलपुर**। कुरंदी स्टेशन तथा उसके आसपास के ग्रामों में पिछले काफी समय से बार-बार बिजली गुल होने की गंभीर समस्या बनी हुई है। बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई, पेयजल व्यवस्था तथा दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। नये विद्युत्त मीटर लगने के बाद विद्युत्त बिल मे ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। इस बढ़ी हुई बिजली दरों मे लगाम लगाया जाए।

## ओवरलोड वाहनों से पखांजुर से लेकर दुर्गूकोंदल तक की सड़क हो रही जर्जर

# 12 टन क्षमता की सड़क पर दौड़ रहे 55 टन के डंपर, पोल हटते ही बढ़ा विवाद

*छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित मरोड़ा मार्ग इन दिनों भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर चर्चा में है। 12 टन भार क्षमता वाली सड़क पर 45 से 55 टन तक के माइंस डंपरों के संचालन से सड़क की हालत तेजी से बिगड़ रही है। पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लोहे के पोल हटाए जाने के बाद शुरू हुई भारी वाहनों की आवाजाही ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। अब सड़क की गुणवत्ता, प्रशासनिक निर्णय और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित सड़क की स्वीकृत भार क्षमता मात्र 12 टन है, लेकिन प्रतिदिन लगभग 100 से 150 ओवरलोड डंपर इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। लगातार भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़क की डामर उखड़ने लगी है, कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर होते जा रहे हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही जोखिमभरी हो गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क खराब होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले ग्रामीणों को हो रही है। बारिश के दौरान सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। वहीं, भारी डंपरों की लगातार आवाजाही से उड़ने वाली धूल और कंपन भी आसपास रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

### ग्रामीणों ने जांच और जिम्मेदारी तय करने की उठाई मांग



### 12 टन की सड़क पर 45 टन का भार

*ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब इस सड़क की भार क्षमता स्पष्ट रूप से 12 टन निर्धारित है, तब 45 से 55 टन तक के भारी वाहनों को इस मार्ग से गुजरने की अनुमति किस आधार पर दी गई। उनका कहना है कि यदि इस प्रकार ओवरलोड वाहनों का संचालन जारी रहा तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएगी और इसकी मरम्मत पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।*

### संरक्षण किसका, जिसके कारण हटे पोल

*विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारी वाहनों की रोकथाम के लिए लगाए गए लोहे के पोल आखिर हटाए क्यों गए। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देशों के बाद ही पोल हटाने की कार्रवाई की गई। हालांकि इस निर्णय के पीछे के कारणों को लेकर अब भी कई सवाल बने हुए हैं। बात यह आ रही है कि वरिष्ठ स्तर पर डंपर मालिकों का संरक्षण किसके कहने पर दिया जा रहा है।*

### ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा आक्रोश

*ओवरलोड डंपरों की आवाजाही और सड़क की बिगड़ती स्थिति को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों की मांग है कि सड़क की क्षमता के अनुरूप ही वाहनों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, क्षतिग्रस्त मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। अब सभी की नजर प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।*

# समाज को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराना संगठन का प्रमुख उद्देश्यः डा. गुलाटी

### आरोग्य भारती की प्रांत अध्यक्ष ने जिला इकाई की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ आरोग्य भारती की प्रांत अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी ने कांकेर स्थित श्रीराम हॉस्पिटल में आरोग्य भारती की जिला इकाई की बैठक लेकर संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। बैठक की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

आयोजित बैठक में जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ. राजीव जायसवाल ने प्रांत अध्यक्ष का स्वागत करते हुए नवगठित कार्यकारिणी का परिचय कराया। इसके बाद डॉ. मानसी गुलाटी ने दायित्ववान पदाधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा करते हुए आरोग्य भारती के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों को एक मंच पर लाकर समाज को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि "इलाज से बेहतर बचाव है" और आरोग्य भारती स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ प्रदेश तथा स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। डॉ. गुलाटी ने स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने लोगों से नशामुक्त जीवन अपनाने, घरों में तुलसी, गिलोय, हल्दी, अदरक, अजवाइन, पुदीना, धनिया और मैथी जैसे औषधीय पौधों का किचन गार्डन विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कई घरेलू पौधों में औषधीय गुण होते हैं, जिनका उचित उपयोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है।

### संतुलित आहार और व्यवस्थित दिनचर्या पर जोर

*डॉ. गुलाटी ने संतुलित आहार और व्यवस्थित दिनचर्या पर जोर देते हुए कहा कि नाश्ता भरपूर, दोपहर का भोजन संतुलित और रात का भोजन हल्का होना चाहिए। वर्तमान जीवनशैली में लोग इसके विपरीत दिनचर्या अपनाते हैं, जिससे मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और किडनी संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने पर्याप्त नींद, ऋतु के अनुसार भोजन एवं पहनावे तथा भोजन में संयम बरतने की सलाह भी दी। मोबाइल की बढ़ती लत पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. गुलाटी ने कहा कि तकनीक स्वयं खराब नहीं होती, बल्कि उसका सही और सीमित उपयोग आवश्यक है।*

# सरस्वती साइकिल योजना, नवमीं की छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शासकीय हाई स्कूल आमाकोट में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा नवमीं की नवप्रवेशी छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य रामसिंग दरो ने कहा कि राज्य सरकार गरीब एवं आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से साइकिल से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। प्राचार्य भुनेश्वर साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी है।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक फेडरेशन ने मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षकों की वर्षों से लंबित सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में सांसद एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी से शासन के नाम समर्थन पत्र जारी करने की मांग की है। फेडरेशन ने इसके लिए शिक्षक लगाए गुहार, चलो सांसद के द्वार अभियान शुरू किया है। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि संगठन लंबे समय से वेतन विसंगति, क्रमोन्नत वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पदोन्नति में वरिष्ठता, टीईटी से जुड़े प्रावधानों में संशोधन तथा एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति जैसी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों के बावजूद अब तक मांगों का समाधान नहीं होने से शिक्षकों में निराशा है। फेडरेशन ने विद्या समीक्षा केंद्र वीएसके ऐप की तकनीकी समस्याओं के समाधान तक वेतन नहीं काटने तथा विलय हुई प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों को विद्यालय प्रबंधन समिति में कोषाध्यक्ष का दायित्व देने की भी मांग उठाई है।

## 35 लीटर शराब और स्कूटी जब्त

# अवैध महुआ शराब परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर**। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए रात्रि गश्त के दौरान अवैध रूप से महुआ शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

लिस ने आरोपियों के कब्जे से भाँरी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी को जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार14 जुलाई की रात थाना कांकेर पुलिस टाउन भ्रमण व रात्रि गश्त पर निकले थे।



### प्लास्टिक बोरे में रखी थी महुआ शराब

*इसी दौरान पुराना बस स्टैंड चौक स्थित पान दुकान के सामने मस्जिद चौक की ओर से आ रही एक ग्रे रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएस 3488 को संदेहास्पद स्थिति में रोका गया। स्कूटी पर दो युवक सवार थे, जिनके बीच में सफेद रंग की एक बड़ी प्लास्टिक बोरी रखी हुई थी। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 31 वर्षीय कृष्ण कुमार यादव और पीछे बैठे युवक ने अपना नाम एमजी वार्ड कांकेर निवासी 23 वर्षीय पुनित चंद्रवंशी बताया। पुलिस द्वारा जब संदेहियों के पास रखी बोरी की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर से 07 नग प्लास्टिक के जरकिन बरामद हुए। प्रत्येक जरकिन में 05-05 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब भरी हुई थी, जिसकी कुल मात्रा लगभग 35 लीटर है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।*

# राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आंशिक संशोधन करते हुए नए सिरे से कार्य विभाजन आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को सुशासन तिहार, पीएमश्री योजना, शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, जिला योजना एवं सांख्यिकी, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग, चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, पशु एवं कृषि संगणना शाखा, बीज विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला निर्माण समिति, जिला खनिज न्यास निधि, विशेष केन्द्रीय सहायता, सामाजिक निगमित दायित्व सहित अन्य कार्य देखने होंगे। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य का निर्वहन करेंगे।

**■ कलेक्टर ने जारी किया संशोधित आदेश**

इसी प्रकार अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कांकेर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन, तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के राजस्व प्रकरण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 ख के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही वित्त एवं स्थापना शाखा सहित अन्य कार्य सौंपे गए हैं। अपर कलेक्टर कांकेर अंजोर सिंह पैकरा अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अंतागढ़ को तहसील अंतागढ़, आमाबेड़ा, पखांजूर, बांदे एवं कोयलीबेडा के राजस्व प्रकरण छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 ख के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों के निराकरण तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये दायित्व दिया गया है।

# मृत्यु के 8 प्रकरणों में 32 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर**। सर्प काटने, नदी में बहने व डबरी व तालाब में डूबने से मृत्यु होने के 8 प्रकरणों में मृतकों के निकटतम आश्रितों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा चार-चार लाख रूपए की मान से 32 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए गए हैं।

भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सेलेगोंदी निवासी 32 वर्षीय दिव्या खड़हा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण उसके निकटतम आश्रित चेतन राम खड़हा, लतिका और हितिका के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम ईरागांव निवासी 54 वर्षीय ज्योतिषराम कोरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण उनकी पत्नी मनसारो बाई के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम बड़ेकापसी निवासी 47 वर्षीय जूगो बाई की मृत्यु तालाब में डूबने से होने पर निकटतम आश्रित अमरसिंह उसेंडी के लिए चार लाख रूपए, ग्राम मासूर निवासी 40 वर्षीय सगनी गावड़े की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन राजबाबू गावड़े के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर निवासी 59 वर्षीय जगबंधु ब्रम्हा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके पुत्र भीमब्रम्हा के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम मिन्दोड़ा निवासी 34 वर्षीय मनिक लाल की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी अनोतिन मण्डावी के लिए चार लाख रूपए, चारामा तहसील के ग्राम बाड़ाटोला निवासी 79 वर्षीय खोरिन बाई की सर्प काटने से मृत्यु होने के कारण उनके निकटतम परिजन पवारी बाई के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत किए गए है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
ADMISSION NOTIFICATION
SESSION
JULY 2026-27
25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।




विश्वविद्यालयीन कोर्स
Recognized by UGC | Approved by DEC | Approved by Govt. of CG

| INFORMATION TECHNOLOGY | COMMERCE | SCIENCE | MANAGEMENT | ARTS |
|---|---|---|---|---|
| DCA/PGDCA/ BCA/M.Sc. [IT] | M.Com. B.Com. | B.Sc. M.Sc. | MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD | BA/MA/ B.LIB/M.LIB/ PGDRD/MSW |

पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817